तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 23 अक्टूबर 2025





पावर लिफ्टिंग में 2 गोल्ड मैडल जीत कर गुरूवचन ने जिले का बढ़ाया मान




## खबर संक्षेप

### सहायक संचालक क्रीड़ा की जिम्मेदारी मिली शुक्ला को



**जांजगीर-चांपा।** स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत संजय शुक्ला को सहायक संचालक (क्रीड़ा) के पद पर पदस्थ किया गया है। जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम तुलसी के मूल निवासी संजय पिता चंद्रशेखर शुक्ला रायपुर जिले में सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी रहे। उन्होंने में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व से स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत खेलों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।शुक्ला की पदस्थापना से विभागीय खेल व्यवस्थाओं में और अधिक सुदृढ़ता आने की संभावना जताई जा रही है।

### शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस 10 को स्थानीय अवकाश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों के लिए पूर्व में जारी सार्वजनिक अवकाश आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित आदेशानुसार दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) को घोषित स्थानीय अवकाश को संशोधित करते हुए शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर बुधवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंकों, कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### बिर्रा में अखंड नवधा रामायण महायज्ञ 27 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम देवरहा (बसंतपुर) के लीला मंडली चौक भाटापारा में श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 27 अक्टूबर सोमवार से रखा गया है। व्यास पंडित गीता प्रसाद तिवारी श्रीमद् भागवत वक्ता बिर्रा वाले होंगे। इस दौरान अच्छे प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। मानस गान प्रतियोगिता का फाइनल 4 नवंबर दिन मंगलवार को रात्रि 8:00 बजे से रखा गया है। श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का समापन, हवन ,चढ़ोतरी, ब्राह्मण भोजन और सहस्त्र धारा 5 नवंबर दिन बुधवार को होगा।

### श्री राम नाम जप सप्ताह यज्ञ का आयोजन 30 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा में यज्ञ समिति बिर्रा एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित 155 वर्षों से लगातार श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन 30 अक्टूबर दिन गुरुवार से शुभारंभ किया जाएगा। श्री राम नाम सप्ताह यज्ञ में 30 अक्टूबर दिन गुरुवार की सुबह समस्त ग्रामवासियों द्वारा किर्तन भजन कर राम सीता और लक्ष्मण की प्रतीमा को यज्ञस्थल लाया जाएगा। तत्पश्चात देव आह्वान ,वेदी पूजन कर, जय जयकारे के साथ किर्तन मंडलियों द्वारा सीताराम सीताराम राधेश्याम राधेश्याम का भजन के साथ शुभारंभ होगा। समिति द्वारा सभी किर्तन मंडलियों के सम्मान स्वरूप नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### मुलमुला में बेखौफ चल रहा महुआ शराब का धंधा

**मुलमुला।** मुलमुला के सबरिया डेरा में महुआ शराब बनाने और बेचने का धंधा बेखौफ चल रहा है। इसको लेकर ना तो जिम्मेदार पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है और ना ही आबकारी विभाग का ध्यान है। ऐसा भी नहीं है कि यहां चल रहे महुआ शराब भट्टी की जानकारी पुलिस और आबकारी महकमे को ना हो। बताया जाता है कि दीपावली के अवसर पर यहां जमकर शराब बनाने और बेचने का कारोबार हुआ। भट्टी में बन रही शराब की फोटो और वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है।

### हर्षोल्लास के साथ मना साल का सबसे बड़ा त्यौहार

# जगमग हुए घर-द्वार, पटाखों के धमाकों के बीच मनी दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साल का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली जिलेभर में हर्ष, उल्लास और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। दीपों की सुनहरी आभा से पूरा जिला जगमगाता रहा। नगर के घर-आंगन, मंदिर, बाजार और गलियां दीपों की रौशनी से नहा उठीं। लोगों ने अपने घरों को आकर्षक रंगोलियों, झालरों और फूलों से सजाया। हर ओर खुशियों का माहौल बना रहा।शाम होते ही दीपों की कतारें घरों की चौखटों, दीवारों और छतों पर सज गईं। शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर की पूजा-अर्चना की गई।

ज्ञात हो कि सोमवार 20 अक्टूबर को दीपावली त्यौहार पर महिलाओं ने लक्ष्मी पूजन के पारंपरिक गीत गाए और परिवार की समृद्धि की कामना की। पूजा के पश्चात घरों में मिठाई वितरण, आतिशबाजी और आतिथ्य का दौर देर रात तक चलता रहा।बच्चों में खास उत्साह, आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगायाबच्चों में दीपावली को लेकर खास जोश देखने को मिला। शाम ढलते ही गली-गली में बच्चों की टोलियां पटाखे जलाते और अनार, फुलझड़ी, चकरी से खेलते नजर आए। देर रात तक आतिशबाजी की गूंज से पूरा नगर गुंजायमान रहा। आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। त्योहार को लेकर बाजारों में पूरे दिन चहल-पहल रही। मिठाई की दुकानों पर भीड़ लगी रही, वहीं सर्राफा, बर्तन, कपड़ा और सजावटी सामग्री की दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। दीपावली के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। अन्नकूट के तहत विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए और भगवान को भोग लगाया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर परिवार और समाज की समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर भक्ति संगीत, भजन संध्या और दीपदान कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शहर से लेकर गांव तक दीपों का महासागर, चारों ओर खुशी का माहौल दीपावली और अन्नकूट उत्सव के अवसर पर न केवल शहर बल्कि गांव-गांव में भी दीपों की जगमगाहट देखने को मिली। ग्रामीण इलाकों में भी लोग एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं दे रहे थे। मंदिरों में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा।



दीपोत्सव के दौरान रंगोली बनाती युवतियां।

#### गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव में दिखा उत्साह

दीपावली के दूसरे दिन बुधवार 22 अक्टूबर को जिले भर में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। घरों में मिट्टी से गोवर्धन पर्वत का प्रतीक बनाकर पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करते हुए गौ सेवा और अन्नदान का संकल्प लिया।

# दीपावली की रात हत्या, दो अपचारी बालक समेत आधा दर्जन गिरफ्तार

### अकलतरा थाना क्षेत्र के कोटमीसोनार की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से अधेड़ की हत्या करने वाले अपचारी बालक समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसायकल को जब्त किया गया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमीसोनार का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटमीसोनार में दिवाली के दिन 20 अक्टूबर की दरमियानी रात को स्टेशन पर बजरंग चौक के पास रहने वाले बालमुकुंद सोनी उम्र 50 वर्ष की हत्या कर दी गई। पुलिस एवं साइबर सेल की टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 अक्टूबर को दो विधि विरुद्ध संघर्षरत बालको सहित कुल 6 आरोपियों को घटना में प्रयुक्त बटन दार चाकू एवं मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम कोटमीसोनार स्टेशन पारा बजरंग चौक निवासी बालमुकुंद सोनी का अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 20 अक्टूबर की दरम्यानी रात को किसी धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया है जिसकी सूचना पर मर्ग जांच पर अपराध पंजीबद्ध कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी एवं थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के द्वारा घटना स्थल पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया गया। प्रकरण की जांच के दौरान शव का पीएम कराया गया जो शॉर्ट पीएम रिपोर्ट पर उसकी मृत्यु धारदार चाकूनुमा हथियार से मारकर हत्या होना पाया गया। घटना स्थल के आसपास लगे सीटीव्ही फुटेज व गवाहो के बयान के आधार पर घटना के समय को मृतक के घर के पास रोशन दास मानिकपुरी उर्फ पोटरो पिता संतोष दास मानिकपुरी उम्र 18 वर्ष निवासी कोटमीसोनार थाना अकलतरा ,शिवांश पाण्डेय उर्फ शिवा पिता स्व.गुलाब पाण्डेय उम्र 18 वर्ष निवासी हटरी चौक कोटमीसोनार थाना अकलतरा ,चंन्द्रहास पाण्डेय उर्फ लक्की पिता रामनाथ पाण्डेय उम्र 29 वर्ष निवासी सोनार पारा कोटमीसोनार, रामकृष्ण पाठक पिता स्व. विजय कुमार पाठक उम्र 28 वर्ष निवासी हटरी चौक कोटमीसोनार व अन्य साथियों सहित कोटमीसोनार में तालाब के पास इकट्ठा हुए और मृतक बालमुकुंद को लक्की उर्फ चंद्रहास पाण्डेय रात्रि 11:30 बजे लगभग बार बार फोन किया और बालमुकुंद को गली गलौच कर धमकाने लगे। उसे परेशान करने के नियत से उसके घर में फटाखा फेंककर फोड़ने लगे। जिससे बाल मुकुंद सोनी बाहर निकलकर मना किया तो सभी लोग उसे गाली गलौच करने लगे परन्तु विवाद बढ़ते देख बालमुकुंद घर के अंदर चला गया। हत्या के इस मामले में पुलिस ने अपचारी बालक समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## धारदार हथियार लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार




पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धारदार हथियार लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला शहर के वार्ड क्रमांक 11 का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा शहर के वार्ड क्रमांक 11 खिरसालीपारा निवासी अरुण सहिस पिता कन्हैया लाल सहिस उम्र 22 वर्ष, राजा नेताम पिता लक्ष्मण नेताम उम्र 26 वर्ष एवं संतोष यादव पिता खोल बड़ा यादव उम्र 36 वर्ष द्वारा आने जाने वाले लोगों को धारदार हथियार दिखाकर डरा रहे थे। इस मामले में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा त्योहार के मद्देनजर असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में थाना चाम्पा से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग हेतु रवाना किया गया था पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर बैरियर चौक सदर बाजार रोड के अलग-अलग स्थान से 3 आरोपियों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 3 नग धारदार हथियार जप्त किया गया सभी आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा सहित थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### तुलसी में कलशयात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण 25 से



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तुलसी में प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पं. सुशील शुक्ला की स्मृति में अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। नवधा रामायण का शुभारंभ शनिवार 25 अक्टूबर को कलशयात्रा के साथ होगा। इस बीच भगवान श्रीराम के चरित्र, लीला को भजन एवं प्रवचन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन समिति के सूरज नागेश ने बताया कि आयोजन के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले मानस मंडलियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## चाकू से प्राणघातक हमला, सात आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम कोटगढ़ में युवक पर प्राण घातक हमला करने वाले दो अपचारी बालक समेत 7 आरोपियों को घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में अकलतरा पुलिस को सफलता मिली है।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि 21 अक्टूबर को मुकेश कुमार चौहान पिता पुनीराम चौहान उम्र 24 वर्ष पर गांव के अटल चौक के पास आपसी रंजिश को लेकर गांव के ही हिमांशु कैवर्त एवं उसके अन्य साथियों के साथ मिलकर एक राय होकर उसे हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की नियत से चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया। घटना की सूचना सूचना रिपोर्ट पर अकलतरा थाना में धारा 296,109 (1),191 (3) बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी विजय पाण्डेय के निर्देशन में तथा एएसपी उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में विवेचना दौरान प्रकरण के संदिग्ध आरोपियो हिमांशु कैवर्त उम्र 19 वर्ष , तुषार सिंह कंवर उम्र 18 वर्ष ,राजेन्द्र केंवट उम्र 18 वर्ष, रविन्द्र धीवर उम्र 19 वर्ष , मुकेश कंवर उम्र 18 वर्ष सहित दो विधि विरुद्ध संघर्षरत बालकों सभी निवासी ग्राम कोटगढ थाना अकलतरा को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर सभी आरोपियों के द्वारा अपने मेमोरेण्डम कथन में दिनांक 21 अक्टूबर के शाम 7:30 बजे आहत मुकेश कुमार के साथ घटना घटित, मारपीट करना जुर्म स्वीकार किया गया। घटना में प्रयुक्त एक चाकू को जप्त किया जाकर आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। विधि विरुद्ध संघर्षरत बालको को किशोर न्यायालय में पेश किया। प्रकरण की विवेचना जारी है। कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा, एएसआई अशोक कश्यप, प्रधान आरक्षक शरीफुद्दीन, विकाश मिश्रा, आरक्षक गौकरण राय का योगदान रहा।




पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार आरोपी।

## बेखौफ चला 52 परियों का खेल, सोती रही कोतवाली पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दीपावली पर्व पर जिला मुख्यालय जांजगीर समेत आसपास के बड़े गांवों में देर रात तक खुलेआम 52 परियों का खेल चलता रहा और

- कार्रवाई के नाम केवल निभाई जा रही औपचारिकता

कोतवाली पुलिस को भनक तक नहीं लगी। यह नजारा देखकर लोगों में सवाल उठने लगे हैं कि आखिर पुलिस की नाक के नीचे इतना बड़ा जुआ फड़ कैसे संचालित हो गया।



सूत्रों के मुताबिक, शहर के प्रमुख इलाके में बीती रात कुछ प्रभावशाली लोगों की मौजूदगी में 52 परियों का खेल यानी ताश पर दांव लगाने का सिलसिला घंटों तक चलता रहा। नोटों की गड्डियां खुलकर उड़ीं, गाड़ियों की आवाजाही रही, मगर गश्त पर रहने वाली पुलिस की आंखें मानो बंद रहीं। यही हाल जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखरा पुटपूरा, धुरकोट, सुकली, पेण्ड्री के चिन्हित स्थानों पर भी रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई नई बात नहीं है। पिछले कुछ दिनों से इलाके में जुआ-सट्टा खुलेआम चल रहा है, लेकिन पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभा रही है।

### 24 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** कच्ची महुआ शराब के परिवहन मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से 24 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 22 अक्टूबर को शिवरीनारायण में दयालबंद बिलासपुर निवासी विनोद कुमार गुप्ता उम्र 46 वर्ष हाल मुकाल राहौद द्वारा शराब का अवैध परिवहन किया जाता था। आरोपी के विरूध्द धारा 34 2 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार गुप्ता हाल मुकाम राहौद थाना शिवरीनारायण को गिरफ्तार किया है।

### कार्रवाई नहीं होने से बेजाकब्जाधारियों के हौसले हो रहे बुलंद

# अतिक्रमण कर 62 एकड़ सरकारी जमीन पर लहलहा रही फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

सारागांव तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जाटा के करीब 62 एकड़ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर धान की फसल लगाई गई है। वहीं इस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से बेजाकब्जाधारियों के हौसले बुलंदर होते चले जा रहे है।

ज्ञात हो कि सारागांव तहसील क्षेत्र के जाटा में 62 एकड़ शासकीय भूमि पर अवैधानिक रूप से बेजाकब्जा करके धान और अन्य फ़सल की खेती करने वालों को क़ानून का जरा सा खौफ़ नहीं है। जबकि पिछले दो साल से कलेक्टर के निर्देश पर लाल झंडा लगाकर फ़सल जब्त करने की कार्यवाही किया गया है। फिर भी शासकीय भूमि पर खेती करके बेजाकब्ज़ाधारी प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। वहीं उनके खिलाफ प्रशासन की ओर से कड़ी कार्यवाही नहीं होने से इस समय उनके हौंसले बुलंद हैं। मामला सारागांव तहसील क्षेत्र के ग्राम जाटा की है। जहाँ पर गौठान के आसपास करीब 62 एकड़ शासकीय भूमि पर गाँव के ही तथाकथित स्वार्थी लोग अवैध रूप से कब्जा करके लम्बे समय से खेती किसानी का कारोबार कर रहे हैं। वहीं कई लोग शासन प्रशासन को खुलेआम चुनौती देते हुये कलेक्टर के बिना आदेश के शासकीय भूमि पर बोर खनन, फेंसिंग तार लगाकर और बाकायदा मकान बनाकर खेती कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा लगाई गईं लाल झंडा को उखाड़कर प्रशासन को खुला चुनौती देने वालों बेजाकब्जाधारियों को जेल भेजने के बजाय शासकीय भूमि पर लगाई गई फ़सल की जब्त करके कार्यवाही की औपचारिकता निभाई जा रहीं है, लेकिन यहाँ पर बेजाकब्जाधारियों के खिलाफ इस प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रहीं है।



बेजाकब्जा की जमीन पर लहलहाती फसल।

#### दी गई है नोटिस

दो साल से जाटा में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से खेती हो रहीं है। तहसीलदार ने फसल जब्त कर पंचायत के सुपुर्द किया था और नियमानुसार जब्त धान की नीलामी हुई थीं। कुछ लोग कब्जा भी छोड़ दिये हैं।

**-जमुना सिंह नेताम,**
सचिव, ग्राम जाटा

#### जब्त की जाएगी फसल

जाटा के शासकीय भूमि पर अवैधानिक रूप से बेजाकब्जा कर धान की खेती करने वालों को बाकायदा नोटिस भेजा गया था। इस बार भी फसल की जब्त करने की कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**-कृष्णकुमार जायसवाल,**
तहसीलदार, सारागांव,

## बीएमओ की पर्ची दिखाने के बाद भी टीबी पेसेंट के लिए नहीं मिली दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी के मरीज को बीएमओ के द्वारा प्रिसक्रिप्शन में टीबी के इलाज से संबंधित दवाइयां लिखे जाने के बाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ कर्मचारियों के द्वारा दवाई नहीं दिए जाने से टीबी मरीज को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

अकलतरा ब्लाक के ग्राम कटनई के एक व्यक्ति को विगत कुछ दिनों से टीबी की बिमारी है जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। बुधवार 22 अक्टूबर की सुबह इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी तबीयत अत्यधिक बिगड़ गई। ऐसे में उन्होंने अपने भतीजे को अपनी बीमारी का रिपोर्ट कार्ड देकर दवाई लेने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा भेजा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉक्टर महेंद्र सोनी के द्वारा मरीज का रिपोर्ट कार्ड देखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पंजीयन के आधार पर अपने प्रिसक्रिप्शन में कुछ दवाइयां लिख कर दी गई। प्रिसक्रिप्शन को लेकर जब फार्मेसी स्टोर में पहुंचे तो वहां उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ नर्सों के द्वारा दवाई के लिए स्वयं मरीज को उपस्थित करने की बात कहते हुए दवाई देने से इनकार कर दिया गया। मरीज द्वारा इसकी शिकायत की गई है।

## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ एक्शन की तैयारी

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक एवं पुराने वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। त्योहारों के इस सीजन में कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर पुराने अथवा गलत वीडियो वायरल कर यात्रियों में अनावश्यक भ्रम और असंतोष फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन अब तक 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर चुका है और उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। रेलवे द्वारा सोशल मीडिया गतिविधियों पर 24 गुना 7 मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि ऐसे भ्रामक कंटेंट फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। रेलवे प्रशासन सभी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील करता है कि किसी भी वीडियो या सूचना को साझा करने से पहले उसकी प्रामाणिकता अवश्य जांच लें। यात्री केवल भारतीय रेल के आधिकारिक नोटिफिकेशन और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब पर उपलब्ध सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

### बारिश थमते ही सड़कों से उड़ रहे धूल के गुबार

**कोरबा।** बारिश के थमते ही शहर की सड़कों से उठ रहे धूल के गुबार से लोग हलाकान हैं। पीडब्ल्यूडी को सड़कों की मरम्मत के लिए 2 महीने पहले 5 करोड़ 70 लाख की राशि मिल चुकी है लेकिन दीपावली के बाद पैच वर्क शुरू कराया जाएगा। लोगों को अभी धूल और गड्ढे के बीच आवाजाही करनी पड़ेगी। शहर के सड़कों की मरम्मत कब होगी, यह अब तक तय नहीं है। शहर के सभी एंट्री पांइट खराब हैं। बारिश के समय गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाएं होती रही। इसके बाद भी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। गौमाता चौक इमलीडुग्गू से उरगा, रिंग रोड, गोपालपुर, कुसमुंडा मार्ग की सड़कें खराब हो गई हैं। अभी भी गड्ढों को नहीं भरा गया है। बारिश थमने के बाद धूल उड़ने से भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य शासन ने सड़कों की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को अगस्त में ही राशि की मंजूरी दी थी लेकिन 15 अक्टूबर तक पैच वर्क पर रोक लगने के कारण काम नहीं कराया गया। दीपावली में भी लोगों को राहत नहीं मिल पाई। शहर की सभी प्रमुख सड़कें उखड़ गई हैं। निगम ने मरम्मत भी नहीं कराई।

### सड़क निर्माण हेतु निविदा प्रक्रियाधीन

**कोरबा।** अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग संभाग ने रिस्दी चौक मार्ग से बालको की सड़क की समस्या के सम्बंध में बताया कि मेजर ध्यानचंद चौक से बालको होते हुए रिस्दी चौक मार्ग की कुल लंबाई 9 किलोमीटर है, जो कि बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में शामिल था। जिसके अंतर्गत ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक की प्रशासकीय स्वीकृति कार्यालय जिला खनिज न्यास द्वारा आदेश एवं तकनीकी स्वीकृति मेजर ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक एवं रिस्दी रिस्दी चौक तक राशि 2598.47 लाख लंबाई 5.74 किमी 9 सितम्बर को प्राप्त हुआ। रिस्दी चौक मार्ग के चैनेज 8730 में हैं। शासन द्वारा 6 जून को उक्त मार्ग में कार्य संपादित कराए जाने की अनुमति प्राप्त हुई है एवं वर्तमान में कार्य की निविदा प्रक्रियाधीन हैं, निविदा उपरांत कार्यादेश होते ही मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## शुरु होंगे चार नए विभाग

# मेडिकल कॉलेज को पीजी की मान्यता मिलने के बाद मरीजों को मिलेगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिसाहू दास मेडिकल कॉलेज में चार फैकल्टी की पीजी क्लास के लिए नेशनल मेडिकल काउंसिल के द्वारा अनुमति मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज में जनरल सर्जरी जैसी बड़ी सुविधाएं मरीजों को मिल सकेंगी। नए नीति के तहत एमडी एनेस्थीसिया की तीन सीट, एमडी स्त्रीरोग की 3 सीट, एमडी जनरल मेडिसिन 4 सीट, एमडी जनरल सर्जरी की 4 सीट के लिए अनुमति दी गई है।

**खास बात**

- चार फैकल्टी के 13 सीटों पर मिलेगा पीजी में प्रवेश

जिले में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने के बाद से मेडिकल सेक्टर में उसे अपडेट करने के लिए लगातार शासन प्रशासन स्तर पर प्रयास चल रहे हैं। कोरबा आईटी कॉलेज बिल्डिंग के एक पार्ट को मेडिकल कॉलेज की एकेडमी सेक्शन के लिए लिया गया है। जिसमें बीते चार साल से एमबीबीएस की क्लास लग रह है। वहीं प्रैक्टिकल के लिए जिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के लिए अस्थायी रुप से चयनित किया गया है। एमबीबीएस छात्र थ्योरी क्लास के लिए कोरबा आईटी कॉलेज में अटेंड करते हैं और प्रैक्टिकल एवं प्रैक्टिस जिला चिकित्सालय में करते हैं। अब इस दिशा में नेशनल मेडिकल कांउसिल ने मेडिकल कॉलेज कोरबा को अपडेट करने के लिए चार फैकल्टी पर पीजी क्लास शुरु करने की अनुमति दी है। इस अनुमति के बाद संबंधित विषय पर पीजी करने के लिए अन्य मेडिकल कॉलेज जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। जिन चार फैकल्टी की पीजी अनुमति मिली है, छात्र उन फैकल्टी के लिए बाहर नहीं जाएंगे। इसके साथ ही विशेषज्ञ डाक्टर मेडिकल कॉलेज में ही तैयार होंगे ।

और इसका सीधा फायदा मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीजों को मिलेगा। डीन डॉ सहारे कहते हैं कि मेडिकल कॉलेज को अपडेट करने के लिए पीजी कक्षाओं की अनुमति मिली है।



फाइल फोटो

### शुरु होंगे गाइनिक, मेडिसीन, सर्जरी, एनेस्थीसिया के विभाग

मेडिकल सेक्टर के लिए यह बड़ी उपलब्धि होगी। गाइनिक, मेडिसीन, सर्जरी, एनेस्थिसिया जैसे विभाग शुरू किए जाएंगे। मेडिकल लाइन में सर्जरी के लिए सबसे बड़ी जरुरत एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट की रहती है और मेडिकल कॉलेज बनने के बाद से इसकी कमी महसूस की जा रही थी। बिना एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट के किसी भी तरह की सर्जरी नहीं की जा सकती। इन चार फैकल्टी में जनरल सर्जरी की जो सुविधा मिली है उसके लिए एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट तैयार करना आवश्यक था जो अब कोरबा मेडिकल कॉलेज में तैयार हो सकेगी। इन दो फैकल्टी की अनुमति मिलने के बाद अब सभी तरह की सर्जरी (हार्ट सर्जरी को छोड़कर) की सुविधा मेडिकल कॉलेज के मरीजों को मिल सकेगी।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों का मिलेगा मार्गदर्शन

चार फैकल्टी में पीजी क्लास की अनुमति मिलने से एमबीबीएस के छात्रों को विशेषज्ञ डॉक्टरों का मार्गदर्शन मिलेगा। इन सभी चार फैकल्टी के विशेषज्ञ डॉक्टरों की व्यवस्था भी राज्य शासन की ओर से की जाएगी। इसका लाभ एमबीबीएस डिग्री के बाद पीजी का कोर्स करने वाले छात्रों के अलावा उन मरीजों को भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा मिलेगी जो अब तक मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध नहीं थी। विशेषज्ञ डॉक्टरों के आने के बाद उपचार का दायरा बढने के साथ बेहतर इलाज हो सकेगा। राज्य सरकार पीजी कक्षा में जरुरत पड़ने वाले सभी तरह के तकनीकी उपकरण भी यहां उपलब्ध करा रही है।

### संसाधन की उपलब्धता पर मिली अनुमति

मेडिकल कॉलेज में जिन चार फैकल्टी में पीजी कक्षाओं की अनुमति है उसके लिए पर्याप्त संसाधन कोरबा मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध है। उन संसाधनों की उपलब्धता भी और उपयोगिता को देखकर ही नेशनल मेडिकल कॉलेज ने इसकी अनुमति दी है। ये सभी फैकल्टी की पढ़ाई वर्तमान में एमबीबीएस के छात्र कर रहे हैं। चार वर्ष की एमबीबीएस डिग्री मिलने के बाद उन फैकल्टी में पीजी के लिए छात्रों को दो वर्ष का कोर्स करने की सुविधा अब कॉलेज में मिलने के कारण यहां के एमबीबीएस छात्रों को बाहर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही अन्य जिलों के मेडिकल कॉलेज के ऐसे छात्र जो एमबीबीएस के बाद पीजी की डिग्री के लिए कहीं और जाते हैं वह भी कोरबा मेडिकल कॉलेज में प्रवेश ले सकेंगे।

## दीपावली की छुट्टी पर भिलाई से 16 छात्र छात्राएं पहुंचे थे पिकनिक मनाने, एक छात्र की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


घटनास्थल में लगी लोगों की भीड़।

पड़ोसी जिले दुर्ग भिलाई के एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में पढ़ने वाले डेढ़ दर्जन छात्र-छात्राएं पिकनिक मनाने के लिए ट्रेन में सवार होकर कोरबा पहुंचे थे जहां कोरबा रेलवे स्टेशन से सभी लोग ऑटो में सवार होकर बालको क्षेत्र के परसाखोला पिकनिक स्पॉट पहुंचे थे जहां परसाखोला स्थित नदी में डूब जाने से एक छात्र की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेज दिया है परिजनों के आने के बाद आज पोस्टमार्टम की कार्यवाही होगी।

जानकारी के अनुसार मूलतः पड़ोसी राज्य उड़ीसा में निवासरत आशीष कुमार पांडा दुर्ग भिलाई स्थित आईबीसीज कोचिंग सेंटर में कम्युनिकेशन स्किल एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की पढ़ाई करता है। बताया जाता है कि आशीष पांडा अपने 15 अन्य साथियों के साथ दीपावली की छुट्टी होने पर सभी लोग शिवनाथ एक्सप्रेस में सवार होकर आज सुबह कोरबा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे जहां सभी लोग दो ऑटो में सवार होकर बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाखोला स्थित पिकनिक स्पॉट पहुंचे थे जहां सभी छात्र-छात्राएं नदी के पानी में खेल रहे थे कि इस बीच सभी लोगों ने तैयार होकर ग्रुप फोटो सेशन करने की तैयारी में जुटे थे इस बीच पता चला कि आशीष पांडा लापता है इसके बाद फिर क्या था सभी छात्र-छात्राओं में हड़कंप मच गया और उसकी खोजबीन शुरू की गई। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद जब पानी में उसकी पता तलाश की गई जिसके बाद आशीष पांडा नदी से बाहर निकल गया और सांस चलने की उम्मीद लेकर सभी छात्र-छात्राओं ने इसकी जानकारी डायल 1112 को दी और डायल 112 की मदद से आशीष पांडा को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया।

## बस के भीतर फंदे में चालक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पॉवर प्लांट के भीतर संचालित होने वाली बस के चालक ने बस के अंदर ही फांसी के फंदे में लटकती हुई लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी चालक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र का मामला

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पॉवर प्लांट के अधीन बस संचालित होता था जहां मूलतः बिहार निवासी राजेश नामक युवक बस का चालक था जो बस में ही सोया करता था। बीती रात को बस प्लांट के भीतर परिसर में खड़ी हुई थी और राजेश ने बस के भीतर अपने गमछे से फांसी लगा ली है। रविवार की सुबह जब कर्मचारी काम पर पहुंचे तो उन्होंने बस के अंदर एंगल से लटका हुआ शव देखा। इसके बाद तत्काल कंपनी अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। इस मामले में थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कंपनी के कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं। मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मृतक की जेब से एक मोबाइल भी जब्त किया है।

## स्वस्थ्य तन, सुरक्षित मन, जिला विधिक और आयुष विभाग ने दिया जन सेवा का नया संदेश

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष शर्मा के निर्देशानुसार आयुष विभाग के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले एडीआर भवन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में विशेष स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य व न्यायिक जागरूकता का अनुठा संगम बी.पी, शुगर, गठियाबात, बवासीर जैसे गंभीर बिमारियों का निःशुल्क परीक्षण व परामर्श आयोजित किया गया। विशेष स्वास्थ्य शिविर ने जिले में जनसेवा की मिशाल कायम की कार्यक्रम में नागरिकों, अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करायी और विधिक जागरूकता से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने कहा कि न्याय और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक है जब शरीर स्वास्थ्य होता तभी नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रह सकते है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल स्वास्थ्य परीक्षण नहीं बल्कि समाज को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है। उक्त शिविर में बी.पी., शुगर, गठियाबात, बवासीर जैसे गंभीर बिमारियों का परीक्षण किया गया तथा विशेष चिकित्सकों ने उपचार व जीवन शैली सुधार पर मार्गदर्शन दिया।

## हटाया गया बेजा कब्जा

**कोरबा।** शहर की बेशकीमती जमीन पर बिचौलियों की नजर पड़ गई है। बिचौलिए रातों रात जमीन पर कब्जा कर न सिर्फ निर्माण कार्य करा रहे, बल्कि ऊंचे दामों में बिक्री भी कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने अवैध कब्जा कर बनाए गए मकान व दुकान में बुलडोजर चलाकर कीमती जमीन को मुक्त कराया है। मामला नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 32 रिस्दी चौक की है। बताया जा रहा है कि राधे नामक युवक ने बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया था। वह बड़े भू भाग में कब्जा कर दुकान के पीछे मकान बनाना शुरू कर दिया। उसके सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर कराए जा रहे निर्माण कार्य की शिकायत निगम व प्रशासन तक पहुंच गई। निगम ने शिकायत में आधार पर अवैध कब्जा हटाने नोटिस जारी कर दिया, जिसका पालन करने के बजाय अतिक्रमणकारी ने पक्का दीवाल खड़ा करना शुरू कर दिया।

# नर्सरी से कॉलेज तक एक ही अपार आईडी के बिना नहीं मिलेगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सहित प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्टूडेंट्स को अलग-अलग पंजीयन नहीं करना होगा। स्कूलों में नर्सरी में प्रवेश के समय स्टूडेंट्स को जो ऑटोमेटेड परमानेंट अकादमिक एकाउंट रजिस्ट्रेशन अपार नंबर मिलेगा। नम्बर की वेलिडिटी जब तक स्टूडेंट्स की पढ़ाई चलती रहेगी तब तक रहेगी। स्टूडेंट्स के इसी आईडी में स्कूली शिक्षा से लेकर हायर एजुकेशन के रिकार्ड दर्ज होंगे।

मौजूदा व्यवस्था पर नजर देखें तो स्कूलों में स्टूडेंट्स का 9वीं में कक्षा में नामांकन किया जाता है, जो 12वीं कक्षा की पढ़ाई तक वैलिड रहता है। कालेज में एडमिशन के बाद अलग से नामांकन होता है। इसमें मिलने वाले नंबर से विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा के रिकार्ड को अपलोड किया जाता है। दोनों के लिए अलग-अलग शुल्क भी जमा करना होता है। दो-अलग-अलग नंबर होने के कारण याद भी नहीं रह पाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिए गए प्रावधान को ध्यान में रखते हुए बच्चों का स्कूल में नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेते ही अपार आईडी बनाई जाएगी। शिक्षा विभाग का मानना है कि एबीसी और अपार आईडी अनिवार्य होने से नर्सरी, प्राइमरी, मिडिल, हाई, हायर, स्नातक, स्नातकोत्तर, लघु शोध और पीएचडी तक करने वाले छात्रों का सही पंजीयन संख्या मिल सकेगा। यह भी पता चल सकेगा कि कक्षा-दर कक्षा कितने स्टूडेंट्स लगातार पढाई करते आ रहे हैं। इस बात की भी जानकारी मिलेगी की कितने स्टूडेंट्स पढ़ाई छोड़ रहे हैं।

### अगले शैक्षणिक सत्र से हो जाएगा लागू

अपार आईडी में स्टूडेंट्स के सारे अकादमिक रिकार्ड होंगे। एक बार अपार आईडी बनने के बाद पूरी पढ़ाई चाहे स्कूल हो या कॉलेज या फिर डिप्लोमा आदि के सभी में एक ही नंबर रहेगा। अलग-अलग पंजीयन की जरूरत नहीं पड़ेगी। शिक्षा सत्र 2026-27 से राज्य के सभी डिग्री कॉलेजों में बिना एबीसी और अपार आईडी के प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## बालको की उन्नति परियोजना आर्थिक निर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बालको के सामुदायिक विकास के अंतर्गत स्थानीय महिलाओं ने अपने आत्मनिर्भरता की यात्रा को सशक्त किया है। बालकोनगर स्थित शांतिनगर की निवासी श्रीमती पूनम सिंह कहती हैं कि मेरे पास एक सपना था लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मेरी कला मुझे आत्मनिर्भर बना सकती है। आज मैं अपना व्यवसाय चला रही हूँ, परिवार के निर्णयों में सक्रिय रूप से शामिल होती हूँ और दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हूँ।

इनकी कहानी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) की पहल प्रोजेक्ट उन्नति से जुड़ी अनेक महिलाओं के बदलाव को दर्शाती है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पहल उन्नति के माध्यम से अपनी पहचान और आत्मनिर्भरता पाई, जो कभी केवल बचत समूहों में बैठकर विचार साझा करने से शुरू हुआ था। वह आज आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियों में बदल चुका है। पूनम याद करते हुए बताती हैं कि कैसे घर पर सजावटी वस्तुएँ बनाने का उनका शौक धीरे-धीरे डेकोरट्टी नामक सूक्ष्म उद्यम में बदल गया। उन्होंने बताया कि पहले मैं केवल दोस्तों और परिवार के लिए ही वस्तु बनाती थी। उन्नति से जुड़कर मैंने सीखा कि कैसे अपने बनाई वस्तु की कीमत, ग्राहकों से बात करने और यहाँ तक कि सोशल मीडिया का उपयोग करना है। आज जब त्योहारों पर लोग अपने घरों को सजाते हैं, तो मुझे संतोष होता है कि मेरे बनाए उत्पाद उनके उत्सव का हिस्सा बन रहे हैं। इसी तरह की सफलताएँ कई और महिलाओं की कहानियों में दिखाई देती हैं। श्रीमती रथ बाई उन्नति की छत्तीसा नामक फूड-आधारित उद्यम से जुड़ी हैं। अपने शुरुआती दिनों को याद कर कहती हैं कि शुरुआत में मुझे अपने क्षेत्र से बाहर उत्पाद बेचने का अनुभव नहीं था। उन्नति ने मुझे ऑर्डर प्रबंधन और अपने उत्पादों का प्रचार करना सिखाया। ग्राहक का बार-बार दोबारा ऑर्डर मेरे उद्यम की विश्वसनीयता को मजबूत करता है। कुछ महिलाओं के लिए यह यात्रा केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं रही, बल्कि आर्थिक निर्भरता की मिसाल हैं। श्रीमती मालती गोस्वामी बताती हैं कि शिक्षा ने मुझे बुनियादी ज्ञान दिया, और वित्तीय प्रशिक्षण ने साहस और आत्मविश्वास से सशक्त किया। अब मैं अपने व्यवसाय का लेखा-जोखा लाभ-हानि का आकलन खुद करती हूँ और भविष्य की योजना बनाती हूँ। पहले मैं दूसरों से मार्गदर्शन लेती थी, लेकिन आज हमारी समूह की महिलाएँ मुझसे सलाह लेती हैं। यह बदलाव न केवल मेरे लिए, बल्कि हमारे समूह की सभी महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का प्रतीक है। सबसे प्रेरक पहलू इस सामूहिक परिवर्तन में नज़र आता है। जो महिलाएँ पहले सार्वजनिक रूप से बोलने में संकोच करती थीं, आज आत्मविश्वास के साथ अपने स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व कर रही हैं। श्रीमती सरला यादव कहती हैं कि जब हम साथ बैठते हैं, तो केवल बचत या योजनाओं की चर्चा नहीं होती। हम अपने सपनों पर बात करते हैं, चुनौतियां साझा करते हैं और एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं। धीरे-धीरे हमने सीखा है कि हमारी आवाज़ मायने रखती है, और मिलकर हम और आगे बढ़ सकते हैं।

जांजगीर मार्केट
फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
ब्रांडेड कॉब रेडिमेड कपड़ा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे 2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते 999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021, 9302362173

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बालरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियों के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु नं. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु नं. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# गदर के बाद अब गबरू बनेंगे सनी देओल

**मुंबई।** रविवार 19 अक्टूबर को अभिनेता सनी देओल ने अपना 68वां जन्मदिन मनाया। इस खास अवसर पर अभिनेता की नई फिल्म की घोषणा हुई है, जिसके फर्स्ट लुक में सनी पाजी प्रभावी अंदाज में नजर आ रहे हैं। अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म का नाम 'गबरू' है। इस फिल्म को शशांक उदापुरकर ने लिखा और निर्देशित किया है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। इसे साझा करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'शक्ति वो नहीं है जो आप दिखाते हैं, शक्ति वो है जो आप करते हैं! आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद।

लाइफ Style

# परिणीति

## छोटी दिवाली को किया बेबी बॉय का वेलकम

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के घर छोटी दिवाली के खास मौके एक बड़ी खुशखबरी सुनने को मिली है। इस कपल ने इस शुभ अवसर पर अपने घर में नन्हे कदमों का वेलकम किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी को बताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बेटे को जन्म देने की खबर दी है और साथ ही एक खूबसूरत कैप्शन लिखा है। इस गुड न्यूज को शेयर करते ही कपल के फैंस खुशी से झूम उठे हैं और कमेंट सेक्शन में बधाई की झड़ी लग गई है। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा काफी समय से अपने घर पर नन्हे मेहमान के आने का इंतजार कर रहे थे और दोनों इसके लिए तैयारियों में लगे हुए थे। वहीं, रविवार सुबह ही एक्ट्रेस को हॉस्पिटल में एडमिट करने की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई, जिसके बाद से ही फैंस बेसब्री से खुशखबरी का इंतजार कर रहे थे। वहीं, राघव ने इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार वो आ गया! हमारा बेटा और सच में हमें पहले की अपनी जिंदगी याद नहीं रहती! बाहें पूरी, हमारे दिल और भी पूरे। पहले हमारे पास हम दोनों थे, अब हमारे पास सबकुछ है। बहुत ही आभार के साथ परिणिती और राघव।'' आपको बता दें परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने इस साल 25 अगस्त को अपनी प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज दी थी।



हॉलीवुड मसाला



# चेहरे पर नकाब पहने दिखीं किम

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन मॉडल और एक्ट्रेस किम कार्दशियन इस समय सुर्खियों में हैं। वजह है उनका अतंरगा आउटफिट। एक्ट्रेस लॉस एंजिल्स के एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स में आयोजित पांचवें वार्षिक एकेडमी म्यूजियम गाला समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान वो बोल्ड लुक में नजर आईं, लेकिन उन्होंने अपना चेहरा पूरी तरह से ढक रखा था। किम अपने अनोखे और अलबेले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। एक बार फिर से एक्ट्रेस ने अपने नाटकीय अंदाज से सबको चौंका दिया। उन्होंने बेज रंग का आउटफिट पहना था और उनका चेहरा पूरी तरह से ढका हुआ था।




# द कलेक्टर और डॉक्टर डूलिटिल से मिली प्रसिद्धि

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश अभिनेत्री सामंथा एगर, जिन्हें द कलेक्टर में ऑस्कर-नामांकित भूमिका और डॉक्टर डूलिटिल में उनके यादगार अभिनय के लिए जाना जाता था। उनका 86 वर्ष की आयु में लॉस एंजिल्स में निधन हो गया। उनकी बेटी, अभिनेत्री जेना स्टर्न ने अपनी मां के अंतिम क्षणों को याद करते हुए तस्वीरें शेयर करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की। सामंथा एगर का जन्म साल 1939 में हुआ था। अपनी दौर की वो सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं। उनकी सबसे चर्चित फिल्म साल 1965 में आई, जिसका नाम था 'द कलेक्टर', जो मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म थी। इसमें उन्होंने टेरेंस स्टैम्प के साथ अभिनय किया था। मिरांडा ग्रे की उनकी दिलकश भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अकादमी पुरस्कार नामांकन, साथ ही गोल्डन ग्लोब और कान फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।



# किसिंग सीन पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई।** मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' को सेंसर बोर्ड ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट दिया है, यानि बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी उम्र के लोग इस फिल्म का मजा थिएटर्स में जाकर ले सकेंगे। लेकिन, साथ ही साथ कई जगहों पर बदलाव भी किए गए हैं, जो हो सकता है कि कुछ सीन्स का मजा फीका या आधा कर दें। सीबीएफसी ने तीन जगह पर ऑडियो कट लगाया है और एक सीन बदलने को कहा है। इसके अलावा भी कई जगहों पर छोटे-बड़े बदलाव किए गए हैं। सेंसर बोर्ड ने फिल्म के एक सीन में खून पीने की आवाज को कम किए जाने को कहा है। इसके अलावा एक जगह पर 'अलेक्जेंडर' की जगह 'सिकंदर' शब्द इस्तेमाल करने को कहा। फिल्म में एक जगह पर 'अश्वत्थामा' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसे बोर्ड ने म्यूट करने को कहा है।




# ली जंग ने शेयर की शाहरुख संग सेल्फी

**मुंबई।** शाहरुख खान सऊदी अरब के रियाद में जॉय फोरम इवेंट शामिल हुए। इस इवेंट में सलमान, आमिर खान भी मौजूद थे। लेकिन, स्क्विड गेम सीरीज एक्टर ली जंग जे जब शाहरुख खान के साथ सेल्फी शेयर की तो फैंस की खुशी ठिकाना नहीं रहा। यूजर्स ने इस सेल्फी पर जमकर रिएक्शन दिए हैं। शनिवार रात 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग जे शाहरुख खान के साथ इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की। इस सेल्फी के साथ एक कैप्शन लिखा, 'आइकन शाहरुख खान के साथ होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' सेल्फी में जी जंग और शाहरुख मुस्कुरा रहे हैं। फैंस को यह सेल्फी काफी पसंद आई है। यूजर्स ने जब शाहरुख खान और 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग की सेल्फी देखी तो इसे सदी का सबसे बड़ा कोलैब बताया।

टीवी मसाला

# बिग बॉस-19 में दिवाली बनी इमोशनल नाइट

**नई दिल्ली।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' में दिवाली के मौके पर कई धमाके देखने को मिलेंगे तो इमोशनल मोड़ भी आएगा। शनिवार को 'वीकेंड के वार' में सलमान खान ने फरहाना भट्ट और मालती चाहर सहित कई कंटेस्टेंट की क्लास लगाई। यह एपिसोड खास रहा क्योंकि रविवार वीकेंड के वार में प्रतिभागियों के परिवार वालों ने उनके लिए विशेष मैसेज भेजे हैं। इस एपिसोड में घरवालों के आंसू निकल रहे हैं, और इसका कारण सलमान की डांट नहीं, बल्कि परिवार वालों की तरफ से भेजे गए तोहफे और मैसेज हैं। शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है जिसमें फिल्म 'थामा'के लीड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना नजर आ रहे हैं। प्रोमो में आयुष्मान खुराना कहते हैं कि आपके लिए बिग बॉस ने एक मेला लगाया है, जिसमें कई तोहफे हैं और ये आपके घर से आए हैं। प्रोमो में शहबाज को रोते हुए दिखाया गया है, क्योंकि वे अपनी बहन शहनाज गिल को देखकर इमोशनल हो जाते हैं। शहनाज कहती हैं कि वे घर में बहुत अच्छा खेल रहे हैं और उन्हें स्क्रीन पर देखकर सभी लोग खुश हैं, लेकिन वहां से आने की जल्दी न करें, क्योंकि फिलहाल घरवाले उनको मिस नहीं कर रहे हैं। इसके बाद फरहाना की मां का मैसेज दिखाया जाता है जिसमें उनकी मां कहती हैं, 'बेटा, तुम अकेले ही बहुत अच्छा खेलती हो शेरनी हो तुम शेरनी, बस जीत के आना." मां का मैसेज सुनकर फरहाना फूट-फूट कर रोती हैं। शो का पूरा माहौल दीपावली पर इमोशनल हो जाता है।



# मल्लिका ने बढ़ाया शो 'पति पत्नी और पंगा' का पारा

**मुंबई।** मल्लिका शेरावत काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। हाल ही में वह शो 'पति पत्नी और पंगा'में नजर आईं। इस शो में उन्हें कुछ प्रतियोगियों के साथ फ्लर्ट करते देखा गया। यूजर्स ने मल्लिका के अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन दिए हैं। इन दिनों टीवी पर एक रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो में कई सेलिब्रिटी कपल शामिल हैं। हाल ही में बतौर गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत भी इस शो का हिस्सा बनी हैं। मल्लिका के आने से 'पति पत्नी और पंगा' का पारा बढ़ गया। मल्लिका शेरावत ने जब शो में एंट्री ली तो कुछ पुरुष प्रतियोगी उनसे फ्लर्ट करते दिखे। जब मल्लिका ने स्वरा भास्कर के पति के गालों को खींचा तो अभिषेक कुमार नाराज हो गए। इस बात पर शो के होस्ट मुनव्वर फारूखी से शिकायत करते दिखे। जब अभिषेक कुमार शिकायत कर रहे थे तो मल्लिका उनके करीब आती हैं और उनके गालों को हाथ लगा देती हैं। इस पर अभिषेक शरमा जाते हैं। यूजर्स ने भी अभिषेक कुमार और मल्लिका शेरावत वाले वीडियो पर रिएक्शन दिए हैं।



# कपूर और पटौदी परिवार ने मनाई दिवाली सैफ-करीना और करिश्मा ने दिए पोज

मुंबई। त्योहारों के मौसम में कई बॉलीवुड सेलेब्स अपने-अपने तरीके से दिवाली मना रहे हैं। हाल ही में कई सितारे एक्टर रवि दुबे और सरगुन मेहता की दिवाली पार्टी में पहुंचे और अपने लुक से महफिल को रौशन किया। इसी तरह से अब बॉलीवुड के सबसे मशहूर परिवार कपूर और पटौदी परिवार ने दिवाली मनाई है।

***कपूर परिवार की दिवाली :*** सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में देखा जा सकता है कि कपूर परिवार की महिलाओं ने दिवाली मनाई है। तस्वीर में नीतू कपूर ने नीली रंग की ड्रेस पहनी है। आलिया भट्ट ने गोल्डन साड़ी पहनी है। करीना कपूर हल्की फिरोजी ड्रेस में नजर आई हैं। वहीं, करिश्मा कपूर काले-सफेद ड्रेस में खूबसूरत लग रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में करीना कपूर, नीतू कपूर के साथ पोज देते हुए पाउट बना रही हैं।



***पटौदी परिवार की दिवाली :*** वहीं,पटौदी परिवार की दिवाली मनाते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई हैं। एक तस्वीर में सैफ अली खान लाल और क्रीम कलर के धोती कुर्ता में नजर आ रहे हैं। एक तरफ लाल ड्रेस में उनकी बहन सोहा अली खान हैं तो दूसरी तरफ करीना कपूर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर में कुणाल खेमू भी नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में सैफ अली खान सोहा अली खान के साथ पोज दे रहे हैं। दोनों पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर्स ने सेलेब्स को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। कई यूजर्स ने दिल वाला इमोजी कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'बॉलीवुड का शाही परिवार।'

***कपूर और पटौदी परिवार में नए सदस्य :*** आपको बता दें कि आलिया भट्ट की शादी कपूर परिवार में रणबीर कपूर के साथ हो गई है, इसलिए वह कपूर परिवार का हिस्सा बन गई हैं। इसी तरह से करीना कपूर की शादी पटौदी परिवार में सैफ अली खान के साथ हुई है, इसलिए वह अब पटौदी परिवार का हिस्सा हैं।

# निखिल की दिवाली पार्टी में पहुंचीं नरगिस जेनेलिया ने रितेश संग बढ़ाई रौनक

मुंबई। इन दिनों बॉलीवुड में कई दिवाली पार्टी चल रही हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में कई फिल्मी सितारे नजर आए। शनिवार रात फिल्ममेकर निखिल आडवाणी ने भी दिवाली पार्टी दी, इसमें रितेश, जेनेलिया और नरगिस फाखरी के अलावा कई एक्टर्स पहुंचे। निखिल आडवाणी की दिवाली पार्टी में सबसे पहले नरगिस फाखरी को देखा गया। वह ऑरेंज कलर के लहंगे में पार्टी में शामिल हुईं। पैपराजी को नरगिस ने हैप्पी दिवाली कहा। साथ ही फोटो पोज भी आराम से दिए। जेनेलिया डिसूजा ने भी दिवाली पार्टी में पति रितेश देशमुख के साथ शिरकत की है। वह सुंदर सूट-सलवार में पार्टी में आईं। रितेश ने पार्टी में एंट्री लेते वक्त जेनेलिया का हाथ थामा हुआ था। दोनों अक्सर ही फैंस के लिए क्यूट कपल गोल सेट करते हैं।



## दिवाली पर सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे

# माधुरी को अपनी दुकान पर देख चौंकी दुकानदार, तृप्ति ने लोकल शॉप से लिए जूते

*मुंबई। दिवाली पर आम लोग लोकल दुकानों से शॉपिंग करते हैं, लेकिन कुछ बॉलीवुड सेलेब्स को भी ऐसा करते देखा गया। अपनी दुकान पर माधुरी दीक्षित से लेकर तृप्ति डिमरी तक को देखकर दुकानदार हैरान हो गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल है। इस पहल के जरिए सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे, यह भारत सरकार की दिवाली पर एक खास पहल है।*



**तृप्ति डिमरी :** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया, इसमें वह एक लोकल दुकान से जूते खरीदती दिखीं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, 'उन लोगों से खरीदारी करने में कुछ खास बात होती है जो आपका नाम, आपकी पसंद और आपके मूड को जानते हैं। इस दिवाली, मैं लोकल चुन रही हूं क्योंकि हर छोटी दुकान का दिल बड़ा होता है।'

**रुपाली गांगुली :** तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित के अलावा अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक साड़ी की दुकान पर पहुंचीं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'एक त्योहार के मौसम से दूसरे त्योहार के मौसम तक, हमारी स्थानीय दुकानें दिवाली को बेहतर बनाने में कभी असफल नहीं होतीं। इस बार खरीदेंगे वहीं से, अपनों से। चलो उत्सव मनाते हैं। चलो स्थनीय दुकानों से खरीदारी करते हैं।'





**सुनील ग्रोवर :** अभिनेता सुनील ग्रोवर एक गिफ्ट शॉप पर पहुंचे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली पर सब कुछ नया लेना जरूरी नहीं, बस अपने लोगों से लेना जरूरी है। लोकल दुकानों से शॉपिंग कीजिए। लोकल दुकानों को सेलिब्रेट कीजिए।'



**माधुरी दीक्षित :** माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक लोकल दुकानदार के साथ सेल्फी लेती हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली की रोशनी तभी पूरी लगती है, जब खुशी अपनों के साथ बांटी जाती है। चलो अपनी लोकल दुकान, अपने लोगों का समर्थन करें और एकता के प्रकाश को फैलाएं।'

**शंकर महादेवन :** गायक शंकर महादेवन एक मिठाई की दुकान पर पहुंचे हैं। उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'मिठाई की मिठास बढ़ जाती है, जब वह अपने शहर की लोकल दुकान से आती है। इस दिवाली वोकल फॉर लोकल के साथ अपनी खुशियों का सुर बनाएं।



## खबर संक्षेप

### रजत जयंती पर किसान सम्मेलन का आयोजन, योजनाओं की लाभ उठाने की अपील



**मालखरौदा।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बड़ेसीपत में रजत जयंती 2025-26 के उपलक्ष्य में कृषि विभाग मालखरौदा द्वारा किसान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा , जनपद निर्माण शाखा के सभापति मनोज सक्सेना, गौ धाम समिति के जिलाध्यक्ष विजय साहू, ग्राम पंचायत बड़ेसीपत के प्रथम नागरिक सरपंच श्रीमति रामिन तोरेंद्र सोनवानी, उपसरपंच, अमृत साहू रेवतिनाथ साहू , कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी वतन जाधव, कर्मचारी गण तथा ग्राम एवं क्षेत्र के कृषक गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 27 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम देवरहा (बसंतपुर) के लीला मंडली चौक भाटापारा में श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 27 अक्टूबर दिन सोमवार से रखा गया है। व्यास पंडित श्री गीता प्रसाद तिवारी श्रीमद् भागवत वक्ता बिर्रा वाले होंगे। अच्छे प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। मानस गान प्रतियोगिता का फाइनल 4 नवंबर मंगलवार को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का समापन, हवन ,चढ़ोतरी, ब्राह्मण भोजन और सहस्त्र धारा 5 नवंबर दिन बुधवार को होगा। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम वासियों के द्वारा तैयारियां की जा रही है।

### काली मंदिर में श्रद्धालुओं को किया गया भंडारा प्रसाद का वितरण



**मालखरौदा।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत सोठी में स्थापित काली मंदिर में 21 अक्टूबर को रात्रि आकाश दुबे द्वारा पूजा संपन्न कराया गया। वही मंदिर के प्रबंधक केशव प्रसाद देवांगन तथा सहयोगी जिमलेश प्रसाद देवांगन द्वारा बताया गया 2005 में एक छोटी सी जगह में काली मंदिर बनाया गया था इसके बाद 2007 से मंदिर का निर्माण पश्चात भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। 22 अक्टूबर को दोपहर में शक्ति एवं रामपुर के भक्तों के सहयोग से भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण खीर पुरी का भंडारा प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। सोठी के उपसरपंच मुकेश डेसील, पत्रकार राम अवतार साहू , ग्राम टेमर से प्यारेलाल पटेल छोटेलाल देवांगन, गणेश राम देवांगन ,हरिशंकर कश्यकार, शोभा साहू, सूरत पटेल, रोहित बरेठ का विशेष योगदान रहा।

## निधन

### रूपसिंह कंवर



**तनौद।** ग्राम तनौद निवासी एवं बिजली विभाग (ट्रांसमिशन) में पदस्थ लाइन इंस्पेक्टर रूप सिंह कंवर का निधन 15 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार शिवरीनारायण स्थित महानदी तट पर किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सजातीय बंधु सहित ग्रामीण बडी संख्या में शामिल हुए।

### गोवर्धन सिंह चंद्रा



**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत अमलीडीह के प्रतिष्ठत नागरिक गोवर्धन सिंह चंद्रा का लगभग 75 वर्ष की आयु में निधन 21 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 22 अक्टूबर को सुबह 9 बजे गौटिया मुक्ति धाम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र सहित नाती पोतों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारी कर्मचारियों की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

# पीएम आवास योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवास का शत प्रतिशत क्रियान्वयन करें। वहीं इस मामले में अगर किसी तरह की कोई लापरवाही सामने आई तो कड़ी कार्रवाई होगी।

ज्ञात हो कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने बुधवार 22 अक्टूबर को उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। जमीनी स्तर पर प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजना इसका लाभ पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों के आवास की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पर विशेष ध्यान दें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने प्रधानमंत्री आवास के प्रत्येक पूर्ण आवास को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को ऊर्जा आत्मनिर्भरता भी मिल सके। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस को अधिकतम आवासों का गृह प्रवेश किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक आवास की गुणवत्ता, समय सीमा और लाभार्थी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष ग्राम सभा आयोजित कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में शामिल हितग्राहियों में से स्वीकृति हेतु शेष बचे हितग्राहियों के नाम का वाचन उपरांत अंतिम परीक्षण कर अपात्र हितग्राहियों का स्पष्ट कारण जैसे- पक्का मकान, पूर्व में लाभान्वित, करदाता, अन्य कारण ईत्यादि का उल्लेख करते हुए जानकारी देने कहा। साथ ही उन्होंने आगामी खरीफ विपणन 2025-26 हेतु पंजीकृत कृषक जिनका खसरा एग्रीस्टैक पंजीयन में छूट गया है या जिनका पंजीयन एग्रीस्टैक में नहीं हो पाया है उनकी सूची का पठन ग्राम सभा में करने कहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी कृषक अपने संबंधित समितियों में जाकर सुधार कार्य या नया पंजीयन करा सकते हैं।



बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते कलेक्टर।

कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ एवं विकासखंड समन्वयकों को निर्देशित किया कि ग्रामवार स्थायी एवं अस्थायी प्रतीक्षा सूची का मिलान कर कारण सहित उसे ग्राम सभा में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि हर आवास का डाटा पूर्ण रूप से तैयार किया जाए, ताकि योजना की प्रगति का वास्तविक आकलन किया जा सके। साथ ही उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप आवासों को पूर्ण करने और प्रयासरत हितग्राहियों की सूची बनाकर उनके आवासों की स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जिला समन्वयक, जनपद पंचायत सीईओ, विकासखंड समन्वयक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सौर ऊर्जा के उपयोग के प्रति जागरूक कर उन्हें इस योजना से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया जाए, ताकि वे अपने घरों में निःशुल्क बिजली का लाभ प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा और बिजली बिल में बचत होगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्राप्त होने वाली सब्सिडी, आवेदन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दें और उन्हें इस योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

# पावर लिफ्टिंग में 2 गोल्ड मैडल जीत कर गुरूवचन ने जिले का बढ़ाया मान



पावर लिफ्टर गुरूवचन को गोल्ड मैडल प्रदान करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

धमतरी के नगरी सिहावा में आयोजित पॉवर लिफिटंग प्रतियोगिता में सक्ती जिले के गुरूवचन सिंह ने दो मैडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने 160 किलोग्राम डेडलिफ्ट में प्रथम स्थान तथा बेंच प्रेस पर 107.5 किलोग्राम बेंच प्रेस कर गोल्ड मेडल जीते। इस बीच प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद घर वापसी के बाद कलेक्टर ने उनका सम्मान किया।

गौरतलब है कि कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारी और पावरलिफ्टर गुरुवचन सिंह कंवर को धमतरी के नगरी में आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल जीतने पर अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। सिहावा नगरी, जिला धमतरी में सीनियर पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा बेंचप्रेस, डेडलिफ्ट एवं पावरलिफ्टिंग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मास्टर 1 श्रेणी में पावरलिफ्टर गुरुवचन सिंह (प्रिंस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विभिन्न श्रेणी में श्री गुरुवचन ने कुल दो गोल्ड मेडल अपने खाते में दर्ज कराया है। उन्होंने 160 किलोग्राम डेडलिफ्ट में प्रथम स्थान तथा बेंच प्रेस पर 107.5 किलोग्राम बेंच प्रेस कर गोल्ड मेडल जीते। कलेक्टर ने पावरलिफ्टर गुरुवचन सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी तरह उक्त प्रतियोगिता में अखिलेश सिंह कंवर ने डेडलिफ्ट में सिल्वर मेडल अपने खाते में अर्जित किया है और अर्जुन निराला डेडलिफ्ट में गोल्ड मेडल और दिपांकर पटेल ने विभिन्न वर्ग में कुल तीन गोल्ड मेडल जीता।

# जिपं उपाध्यक्ष ने बिर्रा क्षेत्र के लोगों को दी एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिर्रा क्षेत्र के लोगों के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा एम्बुलेंस वाहन की सुविधा प्रदान की गई है। जिससे मरीजों को अस्पताल ले जाने में सुविधा होगी।

ज्ञात हो कि जिला पंचायत के 15वें वित से उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया द्वारा एम्बुलेंस 15वें वित्त आयोग से ग्राम बिर्रा को नई एम्बुलेंस जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया द्वारा प्रदान की गई है। इससे पहले बिर्रा और आसपास के क्षेत्रों में कोई एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण आपातकालीन मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में कठिनाई होती थीं और इलाज के आभाव में मरीजों की जान चली जाती थींइस आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिर्रा क्षेत्र के लिये एम्बुलेंस प्रदान की गई है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सहायता समय पर उपलब्ध होगी और कई अनमोल जीवन बचाए जा सकेंगे। दीपावली के शुभ अवसर पर बिर्रा के चंडी दाई मंदिर प्रांगण में एम्बुलेंस का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर एम्बुलेंस को हरा झंडा भारतीय कुष्ठ निवारक संघ के सचिव सुधीर देव ने दिखाया और और पूजा गीता प्रसाद तिवारी ने किया। गगन जयपुरिया ने कहा कि एम्बुलेंस सेवा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सहायता की सुविधा सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीर देव ने कहा कि ग्राम बिर्रा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग अब समय पर चिकित्सीय सहायता प्राप्त कर सकेंगे और अनमोल जीवन बच सकेंगे। कार्यक्रम में सेलोमस साहू, भारतीय कुष्ठ निवारक संघलक्ष्मी नारायण सोनी, अध्यक्ष, भारतीय कुष्ठ निवारक संघ सोंठी, बिर्रा सरपंच, उप सरपंच, रितेश रमण सिंह, एकादशीया साहू, मनोज तिवारी, सुरेश कर्ष, के. के. बरेठ,शुक्ला हेल्थ केयर की संचालक आकृति शुक्ला,मनी कश्यप, सोनू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल कलार आदि उपस्थित थे।



एम्बुलेंस प्रदान करते अतिथि

# समाज में प्रेम एकता और नैतिकता का संदेश देता है रामायण : गोपालदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम तुस्मा के टिकरीपारा मोहल्ला में बुधवार को भव्य कलशयात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा में ग्राम की महिलाओं, माताओं और बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कलश यात्रा से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभसुबह विधिवत रूप से पंडाल स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन संपन्न हुआ।



इसके पश्चात भजन-कीर्तन के साथ कलश यात्रा प्रारंभ की गई। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण किए हुए गांव भ्रमण के लिए निकलीं। मार्ग में ग्रामीणों ने कलश यात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा और आरती से किया। कलश यात्रा देवतहा तालाब डोंगिया पहुंची, जहां विधि-विधान से जल पूजा और अर्चना संपन्न की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने तालाब से पवित्र जल भरकर पुनः कलश सहित पंडाल स्थल की ओर प्रस्थान किया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम गोपाल दास देवर घटा वाले थे। अतिथियों का भी आयोजन समिति की ओर से पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। समाज में प्रेम, एकता और नैतिकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे इस पवित्र अवसर का लाभ उठाते हुए श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।

# नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने दी आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय कुल उत्सव नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के तत्वावधान में कुल उत्सव का आयोजन 14 अक्टूबर शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर द्वारा विभिन्न विधाओं में किया गया।

प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ के छात्राओ द्वारा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक नृत्य पंथी की सुंदर प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में गुरु घासीदास बाबा के सात सिद्धांतों का वर्णन नृत्य के रूप में किया गया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय को जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ व टीम का चयन विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा इस सफलता पर प्राचार्य डॉ.एस.के यादव, प्राध्यापक डॉ.एस.के त्रिपाठी, डॉ.एस.आर.महेंद्र, डॉ आशीष तिवारी, डॉ श्वेता जैन, सुश्री.मीरा टंडन, श्रीमती चांदनी छाबड़ा, श्रीमती संतोषी उराव, श्रीमती लक्ष्मी गौरी कुजूर सुमन, आर एस विश्वकर्मा, सूर्यकांत सिंह जयदेव, विक्रम सिंह आजाद, सुश्री तारिक नायक, सुश्री अंकिता करभाल द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई।



प्रस्तुति देती छात्राएं।


# जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में लवसरा के छात्र छात्राओं का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेल्हाडीह-जेठा

पूर्व नव गठित जिला सक्ति के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवसरा के छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवसरा के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान नाटिका एवं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शन जैसे बिंदुओ पर मॉडल एवं प्रस्तुतिकरण प्रदर्शन हेतु भाग लिया गया था। जिसमें विज्ञान नाटिका में वर्षा, काजल, अर्चना ,अश्विनी, पुरन, सूरज ,पुष्पांजलि एवं शिवकुमार आदि ने भूमिका निभाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही सुमन बरेठ द्वारा व्यक्तिगत प्रोजेक्ट पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया पुरन एवं अश्वनी द्वारा समूह प्रोजेक्ट में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शन में जैजैपुर, मालखरौदा, डभरा व सक्ति के माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला।




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

श्रद्धांजलि



चले गए वे अपने घर से,
पर वे दिल से दूर नहीं।
रुखसत हुए वे दुनिया से,
लेकिन वे हम से दूर नहीं है ।।
हम जब उन्हें याद करते हैं,
उनका हाथ अपने कंधों पर पाते हैं।
वे हमें अपने साथ होने का
अहसास दिला जाते हैं।

नवमीं पुण्यतिथि
पर भावभीनी श्रद्धांजली
अर्पित करते हैं

जन्म : 24 मार्च, 1962 निर्वाण 22 अक्टूबर, 2016

स्व. श्री नन्दराम चन्द्रा
(कृषि विकास अधिकारी)
मूल निवास - पिहरीद, कटारी (मालखरौदा), निवासी- सक्ती

विनीत

राधेश्याम चन्द्रा (कटारी)
भरत लाल चन्द्रा (Ex CSEB Employee)
रमेश कुमार चन्द्रा (EX BALCO Employee)
सुरेन्द्र कुमार चन्द्रा (Executive Engineer, PHE)
उमाशंकर चन्द्रा (पीहरीद)

श्रीमती उत्तरा चन्द्रा, प्रधान पाठक (पत्नि)
श्रीमती प्रीति चन्द्रा- नीरज चन्द्रा
ए.ई. सीएसईबी (बेटी-दामाद)
प्रवीण चन्द्रा (गोलु) - श्रीमती कनक चन्द्रा
(पुत्र-पुत्रवधु)
चिन्मय चन्द्रा (पौत्र)

फर्म- श्री सिद्धिविनायक फ़्यूल्स, कचन्दा
पी. सी. ब्रदर्स कन्सट्रक्शन, सक्ति | नन्दतारा इंटरप्राइजेज, रायपुर